**27. श्री पंकज पुष्कर** **पर्यावरण**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

क) नजफगढ़ नाले और जहाँगीरपुरी नाले में प्रदूषण के कारण;

ख) इस प्रदूषण के लिए उत्तरदायी ऐजेंसियाँ तथा व्यक्ति;

ग) जो लोग इस प्रदूषण के लिए उत्तरदायी हैं क्या उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है, और

घ) यदि नहीं, तो कारण व उसका संपूर्ण विवरण?

**अता. 104 श्री राजेश गुप्ता** **पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) वजीरपुर विधान सभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी और दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों ने कितने पेड़ लगाए;

ख) छठी विधान सभा में वजीरपुर विधान सभा में कितने पेड़ लगे;

ग) कौन–कौन से पेड़ सड़कों के किनारे और बीच में लग सकते हैं;

घ) किसी पेड़ के कभी भी गिरने की आशंका होने पर उस पेड़ को कैसे कटवाया जा सकता है;

ङ) ऐसे पेड़ को कटवाने में कितना समय लगता है;

च) पेड़ की डाली मोटी हो जाए, पर गिर सकती हो, तो आकस्मिकता को देखते हुए कैसे काटा जाए; और

छ) फिलहाल ऐसे खतरनाक पेड़ वजीरपुर विधानसभा में कितने है?

**अता.105 श्री महेन्द्र गोयल पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) पिछले दिनों दिल्ली में प्रदूषण स्तर बढ़ने का मुख्य कारण क्या था;

ख) क्या यह सत्य है कि पड़ोसी राज्यों के पराली जलाने से प्रदूषण की मात्रा में हर वर्ष वृद्धि होती है;

ग) पिछले चार वर्षों में पड़ोसी राज्यों से बढ़ने वाले प्रदूषण की औसत मात्रा क्या रही है, वर्षवार विवरण दें;

घ) क्या विभाग द्वारा ऐसा कोई प्रयास किया गया कि पड़ोसी राज्य पराली न जलाएं;

ङ) क्या यह सत्य है कि प्रदूषण के नाम पर एनजीटी द्वारा छोटे–मझोले व्यापारियों के मनमाने चालान किए जा रहे हैं;

च) दिल्ली में कुल प्रदूषण का कितना प्रतिशत पड़ोसी राज्यों के कारण है;

छ) एनजीटी ने पड़ोसी राज्यों में एक वर्ष में कितने चालान किए या नोटिस दिए; पूर्ण जानकारी दी जाए; और

ज) पिछले एक वर्ष में किस किस सरकारी विभाग ने कुल कितने पेड़ काटे व कितने पेड़ लगाये; विभागानुसार पूर्ण सूची उपलब्ध कराई जाए ?

**अता. 106 श्री प्रकाश जारवाल पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) देवली विधानसभा में वन विभाग की कितनी जमीन है,

ख) क्या इस पर बांउड्री वाल करने की परियोजना है;

ग) यदि हाँ, तो विवरण दें;

ग) इस क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी जमीनों पर कुल कितने पेड़ हैं;

घ) इस क्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर अनिधिकृत कब्जे हटाने के संदर्भ में कब, कहॉ और क्या कार्रवाई की गईं; और

ङ) देवली विधानसभा में वन विभाग की भूमि को चिन्हित किया जा चुका है या नहीं ?

**अता.107 श्री गिरीश सोनी पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) क्या यह सत्य है कि सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए नई योजनाओं पर कार्य कर रही है;

ख) यदि हाँ, तो ये योजनाएँ कब तक लागू होंगी; पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने प्लास्टिक पॉलीथिन पर दिल्ली में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है;

घ) यदि हाँ, तो प्लास्टिक पोलीथिन का विकल्प क्या है;

ङ) यदि नहीं, तो क्या प्लास्टिक पोलीथिन के प्रचलन को रोकने के लिए सरकार द्वारा कार्रवाई की जाती रही है; और

च) यदि हाँ, तो कार्रवाई का पूर्ण विवरण क्या है?

**अता.108. श्री सुरेन्द्र सिंह पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) पर्यावरण एवं वन विभाग के द्वारा दिल्ली छावनी विधान सभा क्षेत्र में किन–किन श्रेणियों के कितने पौधे लगाए गये; उनकी संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाए;

ख) राव तुला राम मार्ग, आर.आर. हॉस्पिटल के पास किन–किन श्रेणियों के कितने वृक्षों को काटा गया और काटे गए वृक्षों के स्थान पर कितने नए वृक्ष लगाए गए, पूर्ण विवरण दें;

ग) दिल्ली छावनी विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार के स्कूलों में वन विभाग के द्वारा किन स्कूलों में पौधारोपण करा गया, इसकी संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाए; और

घ) पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए किन तकनीकी संसाधनों को अपनाया गया?

**अता. 109 श्री सुखबीर सिंह दलाल पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

क) मुंडका विधान सभा क्षेत्र में कितने आर.एम.सी. संयंत्र चल रहे हैं;

ख) इस क्षेत्र में चल रहे आर.एम.सी. संयंत्रों की सूची उपलब्ध करवायें;

ग) इस क्षेत्र में पता लगाए गए सभी अवैध आर.एम.सी. की सूची और उनके विरूद्ध की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएँ;

घ) इस क्षेत्र में स्थित अवैध आर.एम.सी. के संयंत्रों के विरूद्ध कोई कार्रवाई न किए जाने के क्या कारण हैं;

ङ) 01.01. 2015 से इस क्षेत्र में वन विभाग द्वारा किए गए सभी कार्यो के वर्क ऑर्डर की पूरी सूची उपलब्ध कराएँ;

च) अब तक इस क्षेत्र में किसी भी संयंत्र का ऑडिट न किए जाने के क्या कारण हैं ;

छ) टीकरी कलां की पीवीसी मार्केट के विरूद्ध प्रदूषण फैलाने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है,

ज) क्या सरकार इन इकाइयों के समीप ही हरियाणा में शिफ्ट होने और दिल्ली का वातावरण प्रदूषित करने पर इन यूनिटस के विरूद्ध कार्रवाई करने की योजना बना रही है;

झ) मुंडका विधान सभा क्षेत्र में वृक्षों की कटाई सम्बंधी वृक्ष अधिकारियों के समक्ष कितने मामले/ शिकायतें लंबित है; इनकी वर्तमान स्थिति बताइये; और

ञ) 01.01.2015 से मुंडका विधान सभा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा किए गए सभी कार्यों की सूची उपलब्ध कराएँ?

**अता. 110 श्री विजेन्द्र गुप्ता पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) सरकार प्रदूषण कम करने के लिए किन–किन बिन्दुओं पर काम कर रही है;

ख) दिल्ली को कीकर मुक्त बनाने की योजना पर अब तक कितना काम हुआ है और इसके कब तक पूरा हो जाने की आशा है; और

ग) क्या यह सत्य है कि सरकार ने पर्यावरण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण योजना, जिसके अन्तर्गत किसी परियोजना के लिए कम–से–कम 80 प्रतिशत पेड़ों को आधुनिक तकनीक से ट्रॉसप्लांट करना अनिवार्य किये जाने की बात कही थी, इस परियोजना में अब तक क्या प्रगति हुई ?

**अता. 111 श्री जगदीप सिंह पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) क्या यह सत्य है कि मायापुरी में मृत पड़े एक पेड़ को हटाने का निरीक्षण दो साल पहले किये जाने पर भी अभी तक उसे नहीं हटाया गया है;

ख) यदि हाँ, तो अभी तक उस पेड़ को न हटाये जाने के क्या कारण हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि वैदिक मार्ग से 20 पेड़ हटाने का आवेदन पिछले दो वर्ष से लम्बित है;

घ) उसकी परमिशन न दिये जाने के क्या कारण हैं; और

ङ) ये पेड़ कब तक हटा दिये जाएँगे?

**अता.112 श्री सोमनाथ भारती पर्यावरण एवं वन**

**क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

क) जनवरी 2014 विभाग से सीधे या दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के माध्यम से मालवीय नगर विधान सभा क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई, कटाई, पेड़ों के गिराने के लिए कितने व्यक्तियों और एजेंसियों को अनुमति प्रदान की गयी, इसका पूरा विवरण दीजिए;

ख) क्या यह सत्य है कि पेड़ गिराने, काटने की प्रत्येक अनुमति के लिए शर्त है कि काटे गए पेड़ के स्थान पर 10 पेड़ लगाने अनिवार्य हैं;

ग) यदि हाँ, तो इस शर्त का अनुपालन कराने में विभाग कैसे सफल हुआ;

घ) जनवरी 2014 से मालवीय नगर विधान सभा क्षेत्र में कितने पेड़ लगाए गए हैं और कितने वृक्षारोपण समारोह आयोजित किए गए हैं, पूरा विवरण दीजिए;

ङ) मालवीय नगर विधान सभा में जनवरी 2014 से अवैध वृक्ष काटने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गयी;

च) इनमें कितने अभियोग तथा कितनी प्राथमिकी दर्ज की गयी, उसका पूर्ण विवरण देने की कृपा करें; और

छ) वृक्षों की कटाई और छंटाई से संबंधित अपनाई जाने वाली कौन सी पद्धति है, कृप्या इससे संबंधित पूर्ण विवरण सविस्तार बताएं जिसमें निर्धारित समय सीमा और संबंधित अधिकारियों का उल्लेख हो?